सार-समाचार

प्लेसमेंट में 20 विद्यार्थियों का चयन

चूरू, (कासं)। जिला मुख्यालय स्थित राजकीय लोहिया महाविद्यालय के नवाचार कौशल विकास एवं युवा रोजगार प्रकोष्ठ के सौजन्य से शनिवार को महाविद्यालय से पिछले पांच सत्रों में महाविद्यालय से ग्रेजुएट कर चुके विद्यार्थियों के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ शांतनु डाबी ने बताया कि इस प्लेसमेंट ड्राइव में एनआईआईटी लिमिटेड के सहयोग से देश के प्रतिष्ठित निजी बैंक एक्सिस बैंक के एक्सिस बैंक यंग बैंकर ,बीवाईबी योजना के तहत सालाना 5 लाख तक के पैकेज के लिए असिस्टेंट मैनेजर की पोस्ट पर साक्षात्कार आयोजित किए गए। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के शुरुआत में बायोडाटा के आधार पर लगभग 90 विद्यार्थियों का संक्षित परिचय सत्र आयोजित किया गया। तत्पश्चात 40 विद्यार्थियों का चयन द्वितीय साक्षात्कार सत्र के लिए किया गया। दोनों सत्रों की समाप्ति के पश्चात अंतिम रूप से 20 विद्यार्थियों को सलेक्ट किया गया। प्राचार्य प्रो डॉ मंजू शर्मा ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए महाविद्यालय से जुड़े रहकर आगे बढ़ते रहने का आठाह किया। प्रकोष्ठ के डॉ रिजुल पूनिया, आशीष शर्मा ने आयोजकीय भूमिका निभाई। संचालन डॉ हरीश शर्मा ने किया।

रानी दुर्गावती की जयंती मनाई

उदयपुरवाटी, (निसं)। घूमचक्कर के पास प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय केंद्र पर बीके सुनीता बहन की अध्यक्षता में रानी दुर्गावती की जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई । मुख्य वक्ता सर्वोदयी कार्यकर्ता बद्रीप्रसाद तंवर थे । कार्यक्रम में उपस्थित जनों ने रानी दुर्गावती के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए । इस अवसर पर एडवोकेट मोतीलाल सैनी ने कहा कि अदम्य साहस, शौर्य, पराक्रम एवं दृढ़ इच्छाशक्ति की प्रतिमूर्ति रानी दुर्गावती एक कुशल रणनीतिकार एवं युद्ध कला में निपुण शासिका थी, उन्होंने अपने कुशल नेतृत्व से मुगल सेना का सामना किया । रानी दुर्गावती ने मातृभूमि की रक्षार्थ अपने अदम्य साहस और वीरता से अंतिम क्षण तक शौर्य का प्रदर्शन किया । मुख्य वक्ता बद्रीप्रसाद तंवर ने कहा की रानी दुर्गावती ने अपने राज्य की स्वतंत्रता और अस्मिता के लिए युद्ध भूमि को चुना । रानी दुर्गावती ने एक सुशासित और समृद्ध साम्राज्य की स्थापना की, उन्होंने अपने राज्य में मंदिर, मठ, कुएं, बावड़ी, जलाशय एवं धर्मशालाएं सहित अनेक लोक कल्याण के कार्य किए । कार्यक्रम की अध्यक्ष बीके सुनीता बहन ने कार्यक्रम में उपस्थित जनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वीरांगना महारानी दुर्गावती साक्षात दुर्गा की प्रतिमूर्ति थी, उन्होंने मातृभूमि और स्वाभिमान की रक्षा हेतु अपने प्राणों का बलिदान कर दिया था । वीरेंद्र कुमार सैनी, संजय कुमार सैनी ने भी दुर्गावती के जीवन पर विस्तृत प्रकाश डाला । देश के हर नागरिक के लिए रानी दुर्गावती का शौर्य और बलिदान अविस्मरणीय रहेगा । इस दौरान चौथमल जांगिड़, तोलाराम शर्मा, संजय सैनी, वीरेंद्र कुमार सैनी, आशा सैनी, भारती जांगिड़, बबीता जांगिड़, अंजना तुंनगरिया, अशोक असवाल, नीलम शर्मा, कंचन जांगिड़, अंजना जांगिड़, जानकी सैनी, सोनू सैनी, कीजल जांगिड़ आदि मौजूद रहे ।

पूजा महोत्सव में बही भजनों की सरिता

सीकर, (निसं)। यहां शेखपुरा में रामदासजी की बगीची के पास चल रहे दुर्गा पूजा महोत्सव में श्रीश्यामबाबा भजन समिति के संयोजक सचिव श्यामभक्त भजन गायक रामगोपाल गोपी ने भजनों की सरिता बहाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। जग कल्याणी दुर्गा पूजा समिति की ओर से श्यामभक्त गोपी का दुपट्टा ओढाकर सम्मान किया गया। नन्ही बालिकाओं ने भजनों की धुन पर नाचकर माता रानी को रिझाया।यहां दुर्गा पूजा में दोनों समय आरती में भारी भीड़ उमड़ रही है। पिछले दो दिनों से यहां श्यामभक्त गोपी श्यामप्रभु के भजनों की प्रस्तुति दे रहे हैं जिन्हें सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। महोत्सव में श्रीश्यामबाबा भजन समिति के अध्यक्ष राजकुमार त्रिपाठी, ओमप्रकाश माथुर, सत्य पटेल,महावीर प्रसाद शर्मा,राकेश शर्मा,जीतू शर्मा,कमल शर्मा, रामस्वरूप शर्मा, विमल शर्मा, मोतीलाल शर्मा, मुकेश शर्मा, प्रकाश तिवारी, संजय शर्मा, डॉ किशोर जांगिड़, सांवरमल पारीक, रमाकांत डस्सा, शिवरतन शर्मा, रंजन माथुर, मुन्नी शर्मा, रेखा शर्मा, संगीता आसवानी आदि ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवा कर मातारानी का आशीर्वाद लिया व श्यामप्रभु की कृपा प्राप्त की।

प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

सीकर, (निसं)। एनएच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द आरबीएसई स्कूल भढाडर सीकर में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में संस्थान निदेशक रामनिवास ढाका, सहनिदेशक गोपाल सिंह, चैयरमेन सुरेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य डॉ. विजेन्द्र सिंह ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। समारोह में अतिथियों द्वारा प्रतिभा खोज परीक्षा में उच्च रैंक हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व मैडल देकर सम्मानित किया। जिनमें रीतिका पायल, गगन सिंह गुर्जर, खुशबू, अनुप्रिया, आदिल खान, प्रियांशी, रचना भुकर, मनीषा रानी, कल्पना शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मैडल प्राप्त किया। इस अवसर पर संस्थान निदेशक रामनिवास ढाका ने अपने उद्बोधन में परीक्षा में सफलता हासिल करने के लिए टिप्स दिये। इस अवसर पर प्रबंधन सदस्यों सहित स्टाफ एवं बच्चें उपस्थित रहे।

सिक्किम के राज्यपाल आज सीकर में

सीकर, (निसं)। सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर रविवार को सीकर में तोदी नगर स्थित विद्या भारती पब्लिक स्कूल में आएंगे। श्री माथुर जयपुर से प्रात : 9 बजे प्रस्थान कर 11.00 बजे विद्या भारती पहुंचेंगे, जहाँ उनका स्वागत किया जायेगा। श्री माथुर सीकर के प्रबुद्ध जनों से मुलाक़ात कर पूर्वान्ह 11.30 बजे सालासर के लिए प्रस्थान करेंगे। सालासर में श्री बालाजी के दर्शन कर दर्शन कर अपरान्ह 2.15 बजे प्रस्थान कर 4.00 बजे खाटूश्याम जी पहुंचेंगे। वहां श्री श्यामजी के दर्शन कर जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

खो-खो में नीम का थाना उपविजेता

पाटन, (निसं)। 68 वीं राज्य स्तरीय खो-खो खेल प्रतियोगिता में नीमकाथाना जिला टीम उप विजेता रही।14 वर्षीय खो-खो खेल प्रतियोगिता का आयोजन प्राजल अकेडमी बस्सी में हुआ जिसका फाइनल मुकाबला भीलवाडा के साथ हुआ। जिसमें नीमकाथाना जिला की खो-खो टीम उप विजेता रही। टीम कोच झाबर मल मीणा ने बताया कि जिला नीमकाथाना खो-खो टीम में पाँच खिलाडी रोहन जेफ, मनीष मीणा, हर्ष जेफ, आयुष जेफ, पियुष जेफ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नयाबास के खिलाडियों का प्रदर्शन उत्कष्ट रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य रविता मीणा ने शा. शिक्षक झाबर मल मीणा का साफा व माला से स्वागत किया। खिलाडियों का सम्मान सरपंच प्रतिनिधि सोनू सैन, चिरंजी लाल, बाबूलाल एवमं गांव के गणमान्य लोगों द्वारा किया गया।

सुबोध मासूम के निधन पर शोकसभा

चूरू, (कासं)। चूरू जिला मुख्यालय पर जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष सुबोध मासूम के निधन पर नई सड़क पर कांठोस जनो ने पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया के सानिध्य में एक शोक सभा का आयोजन किया। जिसमें महन सरिया ने सुबोध मासूम के निधन पर गहरा दुख प्रकट करते हुए कहा कि इसकी भरपाई नहीं हो सकती सुबोध मासूम ने जीवन भर कांठोस की सेवा की है। इसलिए हर पल सुबोध मासूम याद रहेंगे ।हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि मासूम के परिजनों को व हम सबको यह दुख सहने की शक्ति दे। शोकसभा में मास्टर मकसूद भीचर, पार्षद जगदीश मेघवाल, पार्षद विजय जालान, पार्षद विजय सारस्वत, मुबारक भाटी, युसूफ लुहार, सदीक नीलगर, मुशीखा, राधे मोहन शर्मा, मनोज महनसरिया एडवोकेट, लक्ष्मण मेहरा, परमेश्वर रेगर, कालूराम महर्षि , ताराचंद बाठिया, योगेश शर्मा सहित उपस्थित जनों ने मासूम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके अंत में दो मिनट का मोन रख कर श्रद्धांजलि दी।

40 से अधिक राजकीय व निजी अतिक्रमणों को किया चिन्हित

चूरू, (कासं)। अग्रसेन नगर आरओबी निर्माण को लेकर शनिवार को एसडीएम बृजेंद्रसिंह के नेतृत्व में टीम ने अतिक्रमण स्थानों को चिन्हित कर टीम ने गहनता से निरीक्षण किया।

जानकारी के अनुसार करीब ढ़ाई घंटे तक चले अभियान में चालीस से ज्यादा सरकारी एवं निजी अतिक्रमण चिह्नित किए गए। एसडीएम ने बताया कि पहले इन अतिक्रमियों को नोटिस देकर खुद हटाने के लिए कहा जाएगा। इसके बाद नगर परिषद की जेसीबी की

- **आरओबी निर्माण को लेकर अतिक्रमण स्थानों को किया चिह्नित, टीम ने किया निरीक्षण**
- **अग्रसेन नगर फाटक पर पांच साल से नहीं बन पाया आरओबी**

सहायता से अतिक्रमण हटाए जायेंगे। आपको बतादें कि करीब 5 साल पहले 2018 में घोषित अठासेन नगर फाटक पर आरओबी का काम अभी तक शुरू नहीं हुआ। जबकि इसका बजट जारी हो चुका है और टेंडर भी हो गए हैं। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों का कहना है कि कलेक्ट्रेट के आगे टी आकार में बनने वाले फोरलेन आरओबी एवं उसके दोनों ओर 3.75 मीटर सर्विस लाइन बनाने के लिए अभी तक कुछ अतिक्रमण बाधक बने हुए हैं। उनको हटाने के बाद ही काम शुरू हो सकेगा। पीडब्ल्यूडी एक्सईएन बीएल सोनी का कहना है कि टेंडर हो गए पर अतिक्रमण नहीं हटने से संबंधित फर्म के साथ काम का एग्रीमेंट नहीं हुआ है।

उन्होंने बताया कि अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन को तीन.चार बार लिखा जा चुका है। करीब 900 मीटर लंबाई वाले ये आरओबी स्टेशन रोड़ पर पेट्रोल पंप से डिस्कॉम एसई कार्यालय के सामने तक सीधे एवं कलेक्ट्रेट के आगे अठासेन नगर रेलवे फाटक पर टी आकार में बनेगा। कलेक्ट्रेट के आगे आरओबी की ऊंचाई करीब 6.5 मीटर होगी। अठासेन नगर में सर्किल के पास ये सड़क में मिल जाएगा।

कलेक्ट्रेट के सामने बने इस फाटक से रोज 70 से अधिक ट्रेनें व मालगाड़ियों का आवागमन होता है। इस फाटक की टीवीयू;ट्रैफिक व्हीकल यूनिट, करीब 3 लाख तक पहुंच गई है। इसलिए इसे फोरलेन बनाने का निर्णय लिया है। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने जॉइन करने के बाद 30 सितंबर को जिला.स्तरीय अधिकारियों की पहली बैठक ली। जिसमें राज्य सरकार की बजट घोषणा की क्रियान्विति को लेकर समीक्षा की गई। इस दौरान अठासेन नगर आरओबी का काम शुरू नहीं होने को लेकर नाराजगी जताते हुए तुरंत अतिक्रमण हटाने के लिए एसडीएम को निर्देश दिए थे। सर्वे टीम में एसडीएम के अलावा नगर परिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी बीएल सोनी, एक्सईएन नगर परिषद पूर्णिमा यादव सहित जेईएन आदि मौजूद थे।

चूरू में अग्रसेन नगर आरओबी निर्माण को लेकर एसडीएम बृजेंद्रसिंह के नेतृत्व में टीम ने अतिक्रमण स्थानों को चिन्हित किया।

वार्ड 6 और 21 में करवाई फॉगिंग

चिड़ावा, (निसं)। चिड़ावा शहर में डेंगू के मामलों में वृद्धि के मद्देनज़र स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी किया है। वार्ड नंबर 6 और 21 में डेंगू पॉजिटिव मामलों की पुष्टि होने पर फोगिंग की गई है। वार्ड नंबर 1 और 32 बिन्जारों की बस्ती में सर्वे किया गया और लोगों को डेंगू के लक्षण दिखने पर अस्पताल में चिकित्सक को दिखाने की सलाह दी गई।

सर्वे कार्य में उपस्थिति कर्मचारी मनीषा, ममता, संगीता, आकांक्षा, ललिता, अन्जू व पालिका कर्मी संजय बसेरा, दीपक यादव, योगेन्द्र भगासरा ने सहयोग किया। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से डेंगू के लक्षणों पर ध्यान देने और नियमित रूप से पानी बदलने की अपील की है। डेंगू के लक्षणों में बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द और जोड़ों में दर्द शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि लोग डेंगू के लक्षणों को नजरअंदाज न करें और तुरंत चिकित्सक को दिखाएं। बीसीएमओ डॉ. तेजपाल कटेवा ने घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया

शहर में चोरियों पर नहीं लग रहा अंकुश

सादुलपुर, (निसं)। शहर में बढती चोरी की घटनाओं पर रोक नहीं लग पा रही है। जिसमें ०4 व ०5 अक्टुबर की मध्य रात्रि के बीच अज्ञात चोरों ने भगवान के घर को भी नहीं बक्शा है।

शनिवार को सुबह 11 बजे के आसपास थाने में दी लिखित रिपोर्ट में मंदिर के पुजारी सत्यनारायण ब्राह्मण निवासी पुराने सरकारी अस्पताल के पीछे सादुलपुर नेने राजगढ थाने में लिखित रिपोर्ट देकर बताया कि मोहता धर्मशाला के पास स्थित मंदिर से अज्ञात चोर लगभग एक किलो वजनी के चांदी के एक बडा व 14 छोटे छत्र सहित कुल 15 छत्र चोरी कर ले गये। इस संबंध में मंदिर के पुजारी ने पुलिस को लिखित सूचना देकर बताया कि शहर के वार्ड नंबर 11 में मोहता धर्मशाला के पास मोहता परिवार की ओर से निर्मित बालाजी शिवजी परिवार के मंदिर एक ही परिसर में है तथा मन्दिर में वह पुजारी का काम करता है। मंदिरों में माताजी के मंदिर में लगे चांदी के 14 छोटे एवं एक बडा छत्र सहित कुल 15 छत्र करीब एक किलो वजनी दिनांक ०4 अक्टूबर 2०24 से ०5 अक्टूबर 2०24 की मध्य रात्रि में कोई अज्ञात व्यक्ति मंदिर में अनाधिकृत तरीके से घूसकर चोरी कर ले गया। शनिवार सुबह पूजा करने आने पर देखा की माता जी मंदिर के पट खुले हुए है तथा जांच करने पर पता चला कि मन्दिर से 15 चांदी के छत्र चोरी हुए मिले। शिकायत में पुजारी ने बताया कि चोरी की घटना होने के बाद मोहता परिवार के व्यक्तियों तथा आसपास के प्रमुख लोगों को सूचना दी तथा स्वयं भी चोरों का पता लगाने का प्रयास किया। लेकिन कोई पता नहीं चल सका है। शिकायत में पुजारी ने बताया कि इससे पहले भी मंदिर में चोरियां हो चुकी है, जिसकी शिकायत भी पुलिस थाने में दी गई थी। लेकिन आज तक किसी भी शिकायत में कोई कार्रवाई या बरामदगी नहीं हुई और ना ही चोरों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। एडवोकेट प्रीतम शर्मा ने कहा कि ऐसी घटनाओं से हिंदू समाज के लोग आहत हुए हैं तथा पास ही नन्द प्लाजा के पास गस्त होने के बावजूद अज्ञात चोर चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस गश्त पर सवालिया निशान पैदा कर रहे हैं। तथ पुलिस को अज्ञात चोरों के खिलाफ कठोर कार्रवाई कर चोरी का माल बरामद करने की मांग की।

- **चोरों ने भगवान के घर को भी नहीं बक्शा**
- **पुजारी ने पुलिस को की लिखित शिकायत**

फ्रेशर पार्टी का आयोजन

चूरू, (कासं)। महाविद्यालय में नवागन्तुर छात्राओं के स्वागत हेतु फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया।

दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में प्राचार्य आशा कोठारी ने् छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे कढ़ने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर छात्राओं कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। सुर तथा ताल के साथ छात्राओं की रंगारंग प्रस्तुतियों से मंच सज गया। माधवी, नेहाशर्मा, चभु दीक्षा जैन, चेल्सी बुदेता, निया शर्मा, समशीरा, लिया, श्रेया, मानवी शर्मा, गोखी शर्मा, स्नेहित पारा, रीया चेष्टा शर्मा, लवली सोनी, श्रुति क्याल आदि ने खुबसूरत प्रस्तुतियां दी। संचालन छात्रा निकिता हारित और हर्षिता अग्रवाल ने किया।

सामान जला

सुजानगढ़ (निसं)। चांद बास मौहल्ले में स्थित तिरपाल गोदाम में आग से लाखों रूपये का सामान जल कर खाक हो गया। फायर ब्रिगेड के फायर इंचार्ज भंवर सिंह ने बताया कि रात करीब सवा दो बजे चांद बास स्थित सिराजुद्दीन उर्फ राजू कबाडी के तिरपाल गोदाम में आग लगने की सूचना मिली।

नीमकाथाना-कोटपूतली स्टेट हाईवे 37 बी गड्डों में हुआ तब्दील

पाटन, (निसं)। बरसात से पहले ही नीमकाथाना कोटपूतली स्टेट हाईवे 37 बी सड़क गढ्ढों में तब्दील हो चुकी थी, रही सही कसर बारिश के मौसम के बाद में पूरी हो गई है। सड़क की इतनी बुरी दूर्दशा हो गई है की, सड़क पर वाहन चलना तो बहुत दूर की बात है पैदल चलना भी दूभर हो गया है।

यह सड़क पूर्ण रूप से जर्जर हो चुकी है, उसके बावजूद भी इस सड़क का टोल वसूला जा रहा है। एक तरफ कोटपूतली जिले के सरुंड में टोल लगा हुआ है, तो नीमकाथाना जिले का टोल चला के पास लगाया गया है। सड़क की इतनी दयनीय स्थिति हो चुकी है की सड़क में डेढ़ से 2 फुट के गहरे गड्ढे बन गए हैं उसके बावजूद भी टोल वसूलना नियम विरुद्ध की श्रेणी में आता है। सीकर से दिल्ली जाने वाली बसों को या तो इन गड्ढों से अपनी बसों को कुदा कर ले जाना पड़ता है या फिर बाईपास होकर निकालना पड़ता है, ऐसे में जब सवारियों को बस स्टैंड पर नहीं उतार कर कहीं दूर उतारा जाता है तो सवारी भी चालक और परिचालक पर चिल्लाते हैं, जबकि सही मायने में चालक रोड़ की दुर्दशा के कारण बाईपास होकर अपने वाहनों को निकालते हैं। क्योंकि कोटपूतली रोड पर इतने गहरे गड्ढे हो गए हैं की बड़े वाहनों का निकलना भी मुश्किल हो रहा है। नीमकाथाना रोड पर थाने के सामने इतने भयंकर गड्ढे बन चुके हैं कि आए दिन यहां दुपहिया वाहन चालक गिर जाते हैं, उसके आगे पॉवर हाउस से पहले सड़क पर गहरे गड्ढे बन गए हैं, नवोदय विद्यालय के पास और बाईपास के पास तो सड़क इतनी जर्जर हो चुकी है कि यहां यह भी पता चलता है कि यहां सड़क थी या नहीं थी। जबकी नीमकाथाना जिला कलेक्टर हर बार साप्ताहिक समीक्षा बैठक के दौरान विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते रहते हैं की क्षितठास्त सड़कों को तुरंत प्रभाव से ठीक किया जाए, उसके बावजूद भी विभागीय अधिकारियो ने आजतक सड़क का कोई कार्य नही करवाया, एवं कुंभकर्णी नींद सो रहे हैं। नीमकाथाना जिले की पाटन तहसील में माइनिंग जॉन होने के कारण यहां से लगभग सालाना 10 करोड रुपए जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट फंड में जमा होते हैं ,उसके बावजूद आज तक डीएमएफटी फंड से नीमकाथाना जिला एवं पाटन तहसील को एक पैसा भी नहीं मिल पाया है। नीमकाथाना सड़क जर्जर अवस्था के कारण कस्बे में आए दिन एक्सीडेंट होते रहते हैं। पाटन तहसील माइनिंग जॉन होने के कारण यहां दिन भर ओवरलोड वाहन चलते हैं एवं सड़कों की हालत खस्ता है, अगर प्रशासन नीमकाथाना से हसामपुर तक सड़क के गड्ढे ठीक करवा दिए जाएं और सड़क के दोनों साइडों में खड़ी झाड़ियां को हटाकर अगर साइडों को ठीक कर दिया जाए तो कस्बे में हो रही दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सकता है।

नीमकाथाना कोटपूतली स्टेट हाईवे 37 बी सड़क गड्डों में तब्दील हुई।

सार-समाचार

खुले चैम्बर हादसे को दे रहे न्यौता

सुजानगढ़, (निसं)। लाडनूं बाईपास मार्ग से लुहारगाडा जाने वाले मार्ग पर नाले के खुले पडे चैम्बर व टूटी सडक हादसे को न्यौता दे रहे है। बाल भारती स्कूल की तरफ जाने वाली गली में प्रवेश करते ही सडक के दोनो तरफ यह टूटी सडक पर खुले चैम्बर वाहन चालकों के लिए आफत बन गए है। व्यापारी पूनमचंद भार्गव ने बताया कि आए दिन खुल चैम्बर में बेसहारा गौवंश व बाईक चालक गिर जाते है। कई बार इन खुले चैम्बर को ढकने के लिए नगरपरिषद को आगाह कर चूके है। लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। योगेश चतुर्वेदी ने कहा कि चालकों व राहगीरों की सुविधार्थ खुले चैम्बर्स को ढककर रास्ते को सुरक्षित किया जाना चाहिए।

6 ओवरलोड ट्रेलर व डम्फर किए सीज

सुजानगढ़, (निसं)। सदर थाना पुलिस की ओवरलोड वाहनों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। गत दिवस को सदर थाना हैड कांस्टेबल राजू सिंह ने गोपालपुरा रोड व बोबासर पुलिया के पास से गुजर रहे 6 ओवरलोड वाहनों को सीज किया है। परिवहन विभाग ने सीज वाहनों के चालान काटे है। जो कार्रवाई ओवरलोड वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग को करनी चाहिए वह कार्रवाई लगातार सदर पुलिस कर रही है। गौरतलब है कि लोढसर, गोपालपुरा में संचालित क्रेशरों से रोज सैंकडो की तादाद में ट्रक निकलते है। जो परिवहन विभाग के सामने से ही गुजरते है। जिन पर विभाग द्वारा किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जाती।

हिन्दू परिषद की बैठक आयोजित

रतनगढ़, (निसं)। विश्व हिन्दू परिषद रतनगढ़ की जिला बैठक स्थानीय पेंशनर समाज भवन में प्रांत मंत्री राधेश्याम गौतम के सान्निध्य में आयोजित की गई। बैठक जिले भर में दुर्गाष्टमी महोत्सव कार्यक्रमों, दुर्गा वाहिनी के पथ संचलन एवं सत्संग विस्तार सप्ताह के संदर्भ में रखी गई थी। चौथी बार विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत मंत्री का पदभार संभालने के पश्चात् राधेश्याम गौतम का रतनगढ़ प्रथम प्रवास के दौरान कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को पूरे समर्पण और समरसता के भाव के साथ सनातन संस्कृति और धर्म के कार्य हेतु कटिबद्ध रहने का आव्हान किया।बैठक में परिषद जिला अध्यक्ष सुभाष पारीक व सीकर विभाग मंत्री गजानंद दाधीच भी मंचस्थ अतिथि थे। बैठक में जिलाध्यक्ष पारीक ने राहुल सोनी और जितेन्द्र महर्षि को बजरंग दल जिला सह संयोजक तथा नरेंद्र आचार्य को जिला मिलन प्रमुख बजरंग दल के नवीन दायित्व की घोषणा की। इसके अलावा प्रखंड स्तर पर पूर्वांश शर्मा को सरदारशहर बलोपासना केंद्र मिलन प्रमुख, हिमांशु सैन को बीदासर प्रखंड सहसंयोजक तथा विमल नायक को बीदासर प्रखंड मिलन केंद्र सह प्रमुख के दायित्व की भी घोषणा की गई। बैठक में नरेन्द्र भाटी, महावीर प्रसाद महर्षि, राजेश्वरी सुथार, मोहित बोचीवाल, लोकेश कुमार सहित विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, मातृ शक्ति व दुर्गा वाहिनी के जिले भर के अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रामलीला का शुभारंभ

रतनगढ़, (निसं)। चूरू रोड़ स्थित चौथूराम शिवभगवान कम्मा के नोहरे में मंचित होने वाली जनता रामलीला कमेटी का शुभारंभ शुक्रवार रात भगवान गणेश व सरस्वती पूजा से हुआ। समाजसेवी जोधराज बैद, गिरधारीलाल खीचड़ जांदवा, ओमप्रकाश गोदारा, अनिलकुमार महर्षि, सांवरमल पारीक, सुनील बबेरवाल, जगदीशप्रसाद स्वामी, रमेशचन्द्र सोनी ने दीप प्रज्जवलन व भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर लीला के 49वें मंचन का विधिवत शुभारंभ किया। लीला के संस्थापक निदेशक शिवभगवान कम्मा, पूर्व अध्यक्ष निरंजन ताम्रायत व पूर्व महामंत्री प्रदीप कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलाकारों का परिचय व लीला के इतिहास की जानकारी दी। कमेटी निदेशक नन्दलाल दायमा, अध्यक्ष मयंक ताम्रायत सहित कमेटी के सदस्यों ने आगंतुकों का कंठा, साफा पहनाकर स्वागत किया। लीला के प्रथम राम जन्म की लीला के अंतर्गत शिव पार्वती संवाद, पुत्रेष्ठि यज्ञ, राम जन्म की लीला का मंचन किया। लीला में भगवान शंकर का अभिषेक जांगिड़, मां पार्वती का रवि भार्गव, दशरथ का टोनी गहलोत, कौशल्या का गजानन्द गहलोत, वशिष्ट का नितिन प्रजापत, शृंत्री ऋषि का रोहित घोड़ेला, अग्नि देव का कृष्णा स्वामी व सुमंत का योगेश ने अभिनय किया।

राम जन्म व ताड़का वध का मंचन

सादुलपुर, (निसं)। श्री करणी माता मंदिर रामलीला कमेटी द्वारा गढ प्रांगण में आयोजित रामलीला का शुक्रवार रात्रि 10.30 बजे के आसपास भव्य आतिशबाजी के साथ रंगारंग शुभारंभ किया गया। लीला के उद्घाटन करता समाजसेवी टी सीआई ग्रुप के पूर्व वाइस प्रेसिडेंट नोरतमल सर्वा एवं मुख्य अतिथि महिला मंडल की समाजसेविका ज्योति मुकेश सरावगी ने विधिवत रूप से भगवान गणेश की पूजा अर्चना कर एवं रिबन काटकर लीला का शुभारंभ किया ,इस अवसर पर लीला के पदाधिकारियो ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। वहीं लीला में नारद मोह, श्रवण मरण, राम जन्म, ताडका वध, मारीच सुभाऊ वध और अहिल्या उद्धार का चित्रण प्रस्तुत किया गया। लीला में श्रवण का बहुत ही सुंदर अभिनय कंवरपाल नायक द्वारा तथा दशरथ का अभिनय नूतन जांगिड एवं नारद का अभिनय सुमेर सिंह राजपूत द्वारा प्रस्तुत किया गया। लीला में आदमपुर मंडी के कलाकारों द्वारा झांकियां एवं प्रेमराज शर्मा एंड पार्टी द्वारा कॉमेडी की प्रस्तुतियां दी गई। लीला का संचालन गोपाल शर्मा द्वारा किया गया।

अस्पताल से दो बाइक चोरी

सुजानगढ़, (निसं)। गांव कानूता में स्थित सरकारी अस्पताल के सामने से दवाई लेने आए व्यक्ति की बाईक शुक्रवार शाम को चोरी हो गयी। मून्दडा गांव निवासी ओमप्रकाश जाट ने बताया कि उसका छोटा भाई प्रवीण उसकी बाईक लेकर कानूता अस्पताल में दवाई लेने गया था। दवाई लेकर बाहर आया तो उसे अस्पताल के सामने उसकी बाईक नहीं मिली। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अपील की सुनवाई के लिये नियत दिन की प्रत्यर्थी को सूचना

(आदेश 41 के नियम 14)

नाम न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश क्रम-7 स्थान जयपुर महानगर द्वितीय

लक्ष्मण प्रसाद विरूद्ध हकीम मौहम्मद इकबाल व अन्य

अपील दीवानी नियमित अपील

अपील नं. 9/2023

...के न्यायालय की तारीख...को...की अपील

नाम श्रीमती नसीम पत्नि मजीद खां जाति...स्थान निवासी शेखपुरा, सीकर (राज.)

आपको सूचना दी जाती है कि इस मामले में...की डिक्री की अपील...द्वारा उपस्थित की गई है और इस न्यायालय में रजिस्टर कर ली गई है और इस अपील की सुनवाई के लिये इस न्यायालय द्वारा ता. 12.11.2024 नियत की गई है।

यदि इस अपील में आपकी और से आप स्वयं या आपके प्लीडर या आपके लिये कार्य करने के लिये विधिना प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपसंजात नहीं होगा तो यह आपकी अनुपस्थिति में सुनी और विनिश्चत की जावेगी। यह आज तारीख 05.10.2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

मोहर अदालत

रीडर ग्रेड प्रथम

अपर जिला एवं सैंशन न्यायाधीश क्रम संख्या-7 जयपुर महानगर द्वितीय

बेदखली सर्वसाधारण सूचना

मै राजे राम उम्र 56 साल पुत्र श्री मंगला राम जाति नायक निवासी बीसलाण तहसील राजगढ जिला चूरू का हूँ जो निम्न कथन शपथ पूर्वक बयान करता हूँ कि:-

1. यह कि विजेन्द्र उम्र 22 साल मेरा पुत्र है, मेरा पुत्र विजेन्द्र आवारा व बदमाश प्रवृति के लोगों की संगत में रहता है। मेरे द्वारा समझाने पर नही मान रहा है। इस कारण मैने आज दिनांक 05/10/2024 को मेरे पुत्र विजेन्द्र को हमारे परिवार की सम्पूर्ण चल व अचल जायदाद व सम्पति से बेदखल कर दिया है। आज से मेरे पुत्र का हमारी किसी भी प्रकार की सम्पति व जायदाद में किसी भी प्रकार का कोई हक व हिस्सा नही रहा है। मैने मेरे पुत्र को मेरे परिवार से अलग कर दिया है। आज से मेरा पुत्र विजेन्द्र मेरे परिवार का सदस्य नही रहा है। आज के बाद मेरे पुत्र द्वारा किये जाने वाले किसी प्रकार के कोई लेनदेन के जिम्मेवार हम नहीं होंगे, लेनदेन करने वाले स्वयं जिम्मेवार होंगे। हमारे घर व परिवार से मेरे पुत्र विजेन्द्र का कोई लेना देना नहीं रहा है। मेरे पुत्र के द्वारा किसी प्रकार का लेन देन करने, वाद-विवाद या झगड़ा फसाद करने पर या अन्य कोई भी गलत काम करने पर व कोई मुकदमा बाजी या आपराधिक घटना कारित करने पर मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नही होगी। मैं सर्व साधारण को सूचित करता हूँ। सूचित रहे। दिनांक:- 05/10/2024

शपथग्रहिता

राजे राम उम्र 56 साल पुत्र श्री मंगला राम जाति नायक निवासी बीसलाण तहसील राजगढ जिला चूरू (राज.)